अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 24 अक्तूबर 2018

PAGE NO 8 : MIDDLE RIGHT

फाइनल में एसआरएमएस का रहा जलवा

एसआरएमएस में हुई खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी। -अमर उजाला

बरेली। श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में टायरो क्लब की ओर से दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता आमोद-2018 और सांस्कृतिक कार्यक्रम जेस्ट-2018 नवरस का समापन मंगलवार को हुआ। खेलकूद प्रतियोगिता में एसआरएमएस के खिलाड़ियों का जलवा रहा। समापन के मौके पर विजेता खिलाड़ियों को मेडल और ट्राफी प्रदान की गई खो-खो बालिका में एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज गाजियाबाद को हराकर विजेता बना। बालक वर्ग में भी एसआरएमएस की टीम विजेता रही। बैडमिंटन बालक में एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज विजेता बना। वहीं बालिका वर्ग में बरेली कॉलेज प्रथम रहा। बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में इंद्रप्रस्थ गाजियाबाद की आकांक्षा और बालक वर्ग की 200 मीटर दौड़ में इंद्रप्रस्थ के ही दुष्यंत प्रथम रहे। 200 मीटर बालिका वर्ग में एसआरएमएस की किरन, ऊंची कूद में बालिका गर्व में इंद्रप्रस्थ की आकांक्षा और बालक वर्ग में एसआरएमएस के संदीप यादव प्रथम रहे। 400 मीटर बालिका में इंद्रप्रस्थ की आकांक्षा, बालक वर्ग में इसी कॉलेज के अनुभव प्रथम रहे। शॉटपुट बालक वर्ग में एसआरएमएस के विख्यात प्रथम रहे। क्रिकेट में इंद्रप्रस्थ ने ट्रॉफी जीती। टेबल टेनिस और नुक्कड़ नाटक में एसआरएमएस विजेता रहा। बास्केटबॉल में जीडी गोयंका यूनिवर्सिटी की टीम विजेता रही। इससे पहले समापन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम, फैशन शो, गीत संगीत के कार्यक्रम हुए। ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति और सचिव आदित्य मूर्ति ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए और उनका उत्साहवर्धन किया। ब्यूरो